**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा**
**मार्च, 2019**
**अंक योजना हिन्दी 'ऐच्छिक'**
**कक्षा – XII** **कूटबंध – 29/2/1**
**29/2/2**
**29/2/3**

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | <u>**खंड – 'क'**</u> | |
| 1. | 1. | 1. | 1. | **अपठित गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर–** | **11** |
| | क | क | क | • प्रशंसा और निन्दा करना–मनुष्य का स्वभाव<br>• निन्दा करने से अहम् की तुष्टि | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • व्यक्ति की हीनता और कमज़ोरी<br>• अपनी हीनता को छिपाने के लिए दूसरों की निन्दा करना | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • निंदकों में एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता<br>• ऐसी तल्लीनता और एकाग्रता भक्तों में दुर्लभ | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • निन्दक को अपने निकट रखने से हम अपनी बुराइयों से अवगत होते हैं<br>• उन्हें दूर करने का प्रयास करते हैं<br>• निन्दक हमारे स्वभाव को निर्मल बनाते हैं | 1+1=2 |
| | ङ | ङ | ङ | • अपनी कमियों को कम कर के दिखाना और दूसरों की कमियों को बढ़ा–चढ़ा कर दिखाना। अर्थात दूसरों की निन्दा कर के अपने अहम् की तुष्टि करना | 1+1=2 |
| | च | च | च | • 'निन्दा रस' – शीर्षक (अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकारें) | 1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| 2. | 2.<br>क | 2.<br>क | 2.<br>क | अपठित काव्यांशों के प्रश्नों के उत्तर –<br>कायर और शक्तिहीन | 1 |
| | ख | ख | ख | साहसी, विषम परिस्थितियों का सामना करने वाले, स्वाभिमानी, स्वयं के भुजबल पर विश्वास रखने वाले, शत्रुओं से बदला लेने वाले, पौरुषवान आदि – शूरवीरों के लक्षण। (किन्हीं दो का उल्लेख) | 1 |
| | ग | ग | ग | हमें सामर्थ्यवान, शूरवीर, स्वाभिमानी एवं प्रतापी बनना चाहिए। | 1 |
| | घ | घ | घ | क्योंकि ये गुण शूरवीरों की शोभा बढ़ाते हैं, कायरों की नहीं। | 1 |
| | ङ | ङ | ङ | क्षमा, सहिष्णुता का महत्व शूरवीरों के लिए, कायरों एवं शक्तिहीनों के लिए इसका कोई महत्व नहीं | 1 |
| | 2. | 2. | 2. | अथवा | |
| | क | क | क | • जब खेत धन–धान्य से परिपूर्ण होता है<br>• उसका परिवार सुखी होता है। | ½+½ |
| | ख | ख | ख | • किसान शान्ति का समर्थक है। | 1 |
| | ग | ग | ग | • उसकी बस्ती और खेतों में आग लगना<br>• लोगों का रोना–बिलखना<br>• उर्वरा मिट्टी के नव अंकुरों का असमय नष्ट होना। (किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½+½ |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | घ | घ | घ | • युद्ध समर्थकों का विरोध करेगा<br>• युद्ध के कारण उत्पन्न होने वाले दारुण क्लेश बताएगा | ½+½=1 |
| | ङ. | ङ. | ङ. | • बताएगा कि युद्ध खेतों और किसानों के हितों के विरुद्ध है | 1 |
| | 3. | 3. | 3. | निबंध लेखन<br>• भूमिका एवं उपसंहार – 1+1<br>• विषय वस्तु – 4<br>• भाषा एवं प्रस्तुति – 1+1 | 8 |
| | 4. | 4. | 4. | पत्र लेखन<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ 2<br>• विषय–वस्तु 2<br>• भाषा की शुद्धता 1 | 5 |
| 5 | 5<br>क | – | – | केवल चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित<br>• समाचार किसी भी ताज़ा घटना, विचार या समस्या की रिपोर्ट है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की रुचि हो। | 1x4=4<br>1 |
| | ख | – | – | • किसी घटना, समस्या या मुद्दे की गहन छान–बीन और विश्लेषण करना<br>• किसी मुद्दे के प्रति समाचार पत्र की अपनी राय प्रकट करने के लिए संपादकीय लिखना<br>• समाचारों का चयन एवं प्रस्तुति<br>• सामग्री की अशुद्धियों को दूर कर उसे पठनीय बनाना।<br>• निष्पक्षता, तथ्यपरकता एवं विश्वसनीयता को बनाए रखना।<br>(किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½+½=1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | ग | | | • लोगों को सही समय पर सही सूचना पहुँचाना।<br>• किसी घटना या रिपोर्ट को जनता तक यथावत् पहुँचाना। | ½+½ |
| | घ | | | **'बीट'** – संवाददाताओं की रुचि और ज्ञान के आधार पर उनके काम का विभाजन | 1 |
| | ड. | | | मौलिक शोध और छान–बीन के आधार पर सूचनाओं और तथ्यों को सामने लाना – **खोजी रिपोर्ट** | 1 |
| | | 5<br>क | | इंटरनेट में प्रिंट के समान छपी सामग्री, टी.वी. के समान श्रव्य–दृश्य एवं रेडियो के समान ध्वनि के संप्रेषण की सुविधा उपलब्ध | 1 |
| | | ख | | पी.सी. जोशी रिपोर्ट के अनुसार दूरदर्शन के उद्देश्य –<br>i) सामाजिक परिवर्तन<br>ii) राष्ट्रीय एकता<br>iii) वैज्ञानिक चेतना का विकास<br>iv) परिवार कल्याण को प्रोत्साहन<br>v) पर्यावरण संरक्षण<br>vi) सामाजिक विकास<br>(किन्हीं चार उद्देश्यों का उल्लेख अपेक्षित) | 1 |
| | | ग | | 'संचार'– दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच सूचनाओं, विचारों और भावनाओं का आदान–प्रदान। | 1 |
| | | घ | | **पत्रकारिता के सिद्धांत** :<br>• तथ्यों की शुद्धता<br>• वस्तुपरकता<br>• निष्पक्षता<br>• संतुलन<br>• स्रोत की विश्वसनीयता<br>(किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | ड़ | | स्टिंग ऑपरेशन –<br>• खोजी पत्रकारिता का नया रूप<br>• गहराई से छान–बीन कर के तथ्यों एवं सूचनाओं को सामने लाना | 1 |
| | | | 5 क | फ़ीचर एक सुव्यवस्थित, सृजनात्मक, आत्मनिष्ठ लेखन जिसका उद्देश्य पाठकों को शिक्षित करना, सूचना देना एवं मनोरंजन करना | 1 |
| | | | ख | समाचार पत्रों की भाषा सरल एवं सुव्यवस्थित | 1 |
| | | | ग | प्रिंट माध्यम का अर्थ है मुद्रित माध्यम अर्थात छपे हुए रूप में | 1 |
| | | | घ | 'पेज थ्री' – का आशय पीत पत्रकारिता से है। पाठकों को लुभाने के लिए झूठी अफवाहों, आरोप–प्रत्यारोप से संबंधित सनसनीखेज पत्रकारिता | 1 |
| | | | ड. | पत्रकार की बैसाखियाँ –<br>• सच्चाई<br>• संतुलन<br>• निष्पक्षता<br>• स्पष्टता | 1 |
| | 6. | 6. | 6. | **आलेख लेखन**<br>• विषय वस्तु – 2<br>• भाषा एवं प्रस्तुति – 1<br>अथवा<br>**फीचर लेखन**<br>• विषय वस्तु – 2<br>• भाषा एवं प्रस्तुति – 1 | 3<br><br>3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| 7. | 7. | 7. | 7. | काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या<br>कवि और कविता का नामोल्लेख – ½+½<br>प्रसंग – 1<br>व्याख्या बिन्दु – 3<br>विशेष – 1 | 6 |
| | | | | **चढ़ कर मेरे ......................... लाख गँवाई।**<br>कवि – जय शंकर प्रसाद<br>कविता – देवसेना का गीत<br>प्रसंग : जीवन की अंतिम वेला में देवसेना द्वारा अपने अतीत का स्मरण एवं विश्लेषण<br>**व्याख्या बिन्दु** :<br>• देव सेना द्वारा अपने जीवन संघर्षों का विश्लेषण<br>• अपनी दुर्बलताओं और हार की निश्चितता के बावजूद जीवन की विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला<br>• अंतिम काल में इस बढ़ती वेदना को संभालने में असमर्थ<br>• स्कन्दगुप्त के प्रणय निवेदन को अस्वीकार करना<br>**विशेष**<br>• भाषा – खड़ी बोली<br>• रूपक, अनुप्रास एवं मानवीकरण अलंकार<br>• छायावादी शैली<br>• निराशा और वेदना का मार्मिक चित्रण<br>• मुक्त छन्द<br>• वियोग श्रृंगार<br>अथवा | 6 |
| | 7 | 7 | 7 | **भरत सौ गुनी .......................... बड़ो अंदेसो।**<br>कवि – तुलसीदास<br>कविता – पद<br>**प्रसंग** : माता कौशल्या द्वारा अश्वों के बहाने राम को एक बार अयोध्या लौट आने का अनुरोध<br>**व्याख्या बिन्दु** :<br>• पुत्र वियोग में डूबी माता कौशल्या का अश्वों के बहाने राम को देखने की लालसा | 6 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | • राम के प्रिय अश्व जानकर भरत का सौ गुनी सेवा करना।<br>• राम के वियोग में उनके प्रिय अश्वों का हिमपात से चोट खाए कमलों की तरह मुरझाना<br>• ममता और वियोग के भावों की मार्मिक अभिव्यक्ति<br>• पथिक द्वारा सन्देश भेजना<br>**विशेष**<br>• वात्सल्य रस का मार्मिक चित्रण<br>• 'कर पंकज' में रूपक अंलकार<br>• 'तदपि ... हिम मारे में' उत्पेक्षा अलंकार<br>• ब्रजभाषा<br>• माधुर्य गुण<br>• पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार | |
| 8 | 8 क | | | किन्हीं दो का उत्तर अपेक्षित<br>• प्रतिपल भाग–दौड़ की दिनचर्या ने मनुष्य और प्रकृति के साहचर्य को समाप्त कर दिया है।<br>• ऋतुओं में परिवर्तन की सूचना कैलेण्डर से, तिथि देखकर जाना जाता है कि मौसम बदल गया है।<br>• प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा बसंत की विशेषताओं की जानकारी पुस्तकों द्वारा<br>(किन्ही दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2+2=4<br><br>1+1=2 |
| | ख | | | • मृतक व्यक्ति के मुक्ति को कामना से जल या अन्य वस्तुओं का अर्पण, 'तर्पण' कहलाता है।<br>• कवि ने अपने सभी अच्छे कर्मों का फल पुत्री सरोज को अर्पित कर उसका तर्पण किया। | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | ग | | | • धनानंद की प्रेयसी सुजान बड़ी निष्ठुर है। वह उनकी बातें अनसुनी कर देती है।<br>• कवि को विश्वास है कि उसकी प्रेम भरी पुकार प्रेमिका तक अवश्य पहुँचेगी | 1+1=2 |
| | घ | | | • वर्षा ऋतु के सावन मास में प्रियतमा के दुख में वृद्धि, विरह की पीड़ा असह्य<br>• प्रियतम के बिना उपेक्षित महसूस करना<br>• प्रियतम द्वारा मन को चुरा कर अपने साथ ले जाना<br>• अपनी दशा को बताते हुए प्रियतम तक संदेश भेजने में असमर्थ रहना<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | | 8क | | • पूस के महीने में नायिका की विरह दशा का वर्णन<br>• नायिका को विरह बाज पक्षी की तरह लगता है जो उसे जीवित अवस्था में तो खा ही रहा है, मरने पर भी नहीं छोड़ेगा | 1+1=2 |
| | | ख | | • प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण<br>• भरत भूमि पर सूर्य की पहली किरण<br>• विभिन्न संस्कृतियों के अनजान व्यक्तियों को भी आश्रय<br>• यहाँ के लोगों के हृदय में दया, करुणा एवं सहानुभूति की भावना<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | | ग | | • वेदना को छिपाने तथा रोकने के लिए गीत गाना चाहता है<br>• कवि निराशा के बीच आशा का संचार करना चाहता है | 1+1=2 |
| | | 8 घ | | • समाज में व्याप्त अराजकता और मूल्यहीनता के बीच सामान्य जन के जीवन पर पड़े संकट का उल्लेख | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | • मनुष्य की जिजीविषा जगाने के लिए कवियों का आह्वान।<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित) | |
| | | | 8 क | • वर्तमान वातावरण दुख और निराशा से ग्रस्त, इससे संघर्ष करना आवश्यक<br>• सकारात्मक सोच के महत्व को स्थापित करना<br>• नए कवियों की रचनात्मक शक्ति द्वारा मनुष्य की जिजीविषा को जागृत करने का आह्वान<br>• हमारे अंदर उत्साह का संचार कर दुख और निराशा से लड़ने की शक्ति जागृत करना<br>• पृथ्वी पर से निराशा के अन्धकार को दूर करने के लिए नई आशा के साथ संघर्ष की ज्वाला को प्रज्ज्वलित करना<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | | | ख | • भारत में प्राकृतिक सुषमा एवं सौंदर्य का भण्डार है।<br>• सूर्योदय के समय सरोवर में कमल के फूलों का खिलना, अपनी छटा बिखेरना।<br>• सूर्य की किरणों का वृक्षों की शिखाओं पर नृत्य करना।<br>• उषा काल में सूर्य का हेम–कुंभ सा प्रतीत होना।<br>• सूर्य–किरणों का लोगों के जीवन में सुख ढुलकाना।<br>• सूर्य की लालिमा का मंगल कुमकुम बिखेरती प्रतीत होना।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | | | ग | • अपने हृदय की बातों को प्रेम पत्र में लिखा जाना<br>• निष्ठुर सुजान के पत्र का टुकड़े–टुकड़े कर देना<br>• कवि की भावनाओं को समझने का प्रयास भी करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | घ | • माघ के महीने के जाड़े में विरह का मृत्यु के समान प्रतीत होना<br>• वर्षा के कारण गीले कपड़ों का बाणों के समान चुभना<br>• नायिका का सूख कर तिनके के समान होना<br>• विरह की अग्नि में जल कर राख बन कर उड़ना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| 9. | 9 | 9 | 9 | काव्य सौंदर्य – (किन्हीं दो का उत्तर अपेक्षित)<br>भाव पक्ष – 1½<br>कला पक्ष – 1½ | 3 |
| | क | क | क | **भाव पक्ष**<br>• प्रकृति के उषाकालीन वातावरण की सजीव झाँकी<br>• उषा का पनिहारिन के रूप में मानवीकरण<br>• उषा रूपी स्त्री द्वारा आकाश रूपी कुएँ से सोने के कलश में मंगल जल लेकर आना और लोगों के जीवन में सुख उड़ेलने का रूपक<br>**कला पक्ष**<br>• उषा का मानवीकरण<br>• रूपक अलंकार<br>• भाषा खड़ी बोली, तत्सम शब्दावली – हेम कुंभ, उषा<br>• छायावादी शैली<br>• गेयता एवं संगीतात्मकता | 3 |
| | ख | ख | ख | **भाव पक्ष**<br>• नागमती की विरह व्यथा का वर्णन<br>• अगहन मास के शीत का प्रभाव दर्शाना<br>• शीत से विरह की तीव्रता में वृद्धि का अंकन<br>• भौरें और काग के माध्यम से प्रियतम को संदेश देना। | 1½+1½=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | **कला पक्ष**<br>• छन्द – दोहा<br>• रस – वियोग शृंगार<br>• भाषा – अवधी<br>• माधुर्य–गुण, अनुप्रास अलंकार | |
| | ग | ग | ग | **भाव पक्ष**<br>• बनारस के हर्ष–विषादमय चरित्र का प्रभावी चित्रण<br>• निर्धन के जीवन पर भी वसंत का प्रभाव<br>• शहर के खुलने, भरने, खाली होने का बिम्बात्मक चित्रण<br><br>**कला पक्ष**<br>• 'खाली कटोरों में वसंत उतरना।' जैसे नए गढ़े गए मुहावरे का प्रयोग<br>• भाषा – खड़ी बोली<br>• दृश्य बिम्ब<br>• प्रतीकात्मक शैली | 1½+1½=3 |
| | घ | घ | घ | **भाव पक्ष**<br>• कवि के हृदय का विलाप<br>• पुत्री सरोज के विवाह का वर्णन<br>• भाग्यहीन पिता का जीवन संघर्ष एवं कुछ न कर पाने की विवशता<br><br>**कला पक्ष**<br>• स्मृति बिम्ब<br>• मानवीकरण अलंकार<br>• संस्कृतनिष्ठ शब्दावली का प्रयोग<br>• मुक्त छंद | 1½+1½=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| 10 | 10 | 10 | 10 | **गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या**<br>प्रसंग/संदर्भ<br>लेखक एवं पाठ का नामोल्लेख – 1<br>व्याख्या बिन्दु – 3<br>विशेष – 1<br><br>सप्रसंग व्याख्या<br>मैं तो केवल निमित्त .... संन्यास ले लिया।<br>लेखक – ब्रजमोहन व्यास<br>पाठ – कच्चा चिट्ठा<br><br>व्याख्या बिंदु<br>• लेखक द्वारा प्रयाग संग्रहालय का निर्माण करना, पुत्रवत् पालन–पोषण करना<br>• संग्रहालय के लिए वस्तुओं का संग्रह<br>• संग्रहालय के लिए विशाल भवन निर्माण<br>• संग्रहालय के संरक्षण एवं विकास हेतु अभिभावक रूप में डॉ. सतीश चंद्र काला को सौंप कर स्वयं कार्य मुक्त होना<br>विशेष<br>• भाषा – सरल, सुबोध तथा प्रभावपूर्ण शब्द शक्ति – लक्षणा शब्द शक्ति<br>• तत्सम शब्दों का प्रयोग<br><br>अथवा<br><br>जहाँ बाहर का आदमी ... आक्रमण शुरू हुआ।<br>लेखक – निर्मल वर्मा<br>पाठ – जहाँ कोई वापसी नहीं<br><br>व्याख्या बिंदु –<br>• अविवेकपूर्ण औद्योगिक क्रांति के कारण सिंगरौली की प्राकृतिक सुषमा व खनिज संपदा का विनाश।<br>• पूर्व में सिंगरौली का अपनी प्राकृतिक संपदा के कारण | 5<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>5<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | 'बैकुंठ' कहलाना।<br>● आज वह धन–केंद्र और राष्ट्रीय गौरव का प्रतिष्ठित आधार होना<br>● सिंगरौली के प्राकृतिक सौंदर्य का अब सरकारी अफसरों, इंजीनियरों और विशेषज्ञों का आकर्षण का केंद्र बन जाना<br><br>विशेष<br>● खड़ी बोली का प्रयोग<br>● तत्सम शब्दावली की अधिकता | |
| 11 | 11<br>क | | | दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित<br>● गंगा मैया ही गंगा पुत्रों के लिए आजीविका का माध्यम<br>● गंगा पुत्र कहलाने वाले गोताखोर का गंगा जल में डुबकी लगाकर चढ़ावे के पैसे से परिवार का भरण–पोषण करना<br>● गंगा पुत्र की पत्नी और बहन का कुशाघाट पर रेजगारी बेच कर नोट कमाना<br><br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 3x2=6<br>3 |
| | ख | | | ● बड़ी बहुरिया संवाद भेजने के बाद अपनी गलती पर पछता रही थी<br>● बड़ी बहुरिया द्वारा हरगोबिन को दूध–चिउड़ा खिलाकर आत्मीयता का परिचय<br>● बड़ी बहुरिया को ग्रामीण समाज के रिश्ते–नातों की मर्यादा का बोध हो जाना<br>● अभिभावकों द्वारा अपनी आकांक्षाओं को बच्चों पर थोपने का प्रयास | 3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | ग | | | • शिक्षा के नाम पर बच्चों पर अधिक दबाव डालना<br>• कठिन से कठिन ज्ञान को उनके कच्चे मन पर थोपना<br>• बालक की स्वाभाविक प्रवृत्तियों का गला घोंटना।<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | घ | | | • शेर, शासन और व्यवस्था का प्रतीक<br>• अहिंसावादी, न्यायप्रिय और बुद्ध का अवतार प्रतीत होना<br>• शेर शासन और सह–अस्तित्ववाद का समर्थक<br>• व्यवस्था के विरुद्ध उठे स्वर को कुचलने का प्रयास<br>• सुविधा भोगी छद्म क्रांतिकारियों के ढोंग पर प्रहार<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | | 11 क | | • संवदिया की भांति हम भी बड़ी बहू का संदेश पहुँचाए बगैर लौट आते<br>• वास्तविक दशा बता कर बूढ़ी माता को व्यथित नहीं करना<br>• मायके जाकर बहू की आर्थिक दशा बताना संस्कार के विरुद्ध<br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए अन्य तर्क संगत उत्तर भी स्वीकार्य) | 3 |
| | | ख | | • अराफ़ात द्वारा लेखक की अगवानी करने स्वयं आगे आना<br>• अतिथियों को फल छील–कर खिलाना।<br>• शहद की चाय बनाना<br>• गुसलखाने के बाहर तौलिया लेकर खड़े होना<br>(कोई तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | ग | | • मुक्त उत्तर<br>• किसी भी लघु कथा में निहित<br>• व्यंग्य संबंधी तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित | 3 |
| | | घ | | • पश्चिम की नकल में योजनाएँ बनाना<br>• योजनाएँ बनाते समय प्रकृति – मनुष्य और संस्कृति के बीच के रिश्ते और उनके संतुलन पर ध्यान न देना<br>• औद्योगिक विकास का भारतीय स्वरूप निर्धारित न करना | 3 |
| | | | 11 क | • उर्दू कान –<br>• लेखक उर्दू भावी लोगों के पड़ोस में, जिन्हें उर्दू ही सुनना प्रिय<br><br>• विचार<br>• उर्दू की उत्पत्ति और प्रचार का उल्लेख<br>• हिंदी–उर्दू के समन्वय से हिंदी भाषा को गति<br>(अन्य संगत तर्क) | 1+2=3 |
| | | | ख | • बिना लालच के संवाद पहुँचाना<br>• प्रत्येक संवाद को याद कर यथावत् सुनाना<br>• व्यवहार कुशल एवं वाकपटु<br>• गाँव की बहुरिया को लक्ष्मी मान कर उनका सम्मान करना | 3 |
| | | | ग | • विख्यात लेखक 'अनातोले' द्वारा लिखित पेरिस शहर के बाजीगर की कथा।<br>• धर्म के प्रति उदार विचार | 3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | घ | • अमीर–गरीब सभी को ईश्वर की अराधना का अधिकार<br>• धार्मिक संकीर्णता के विरोधी<br><br>• प्रजापति नवीन सृष्टि करता है और कवि भी रचनाओं के रूप में सृजन करता है<br>• अपनी इच्छानुसार नवीन समाज की रचना करना<br>• अपनी रुचि के अनुसार विश्व को परिवर्तित करना<br>• निजी अनुभव और भविष्य के प्रति चिन्ता भाव | 3 |
| 12 | 12 | 12 | 12 | किसी एक लेखक/कवि का साहित्यिक एवं जीवन परिचय<br>• संक्षिप्त जीवन परिचय – 2<br>• रचनाएँ (दो का उल्लेख) – 1<br>• साहित्यिक विशेषताएँ – 2<br><br>केदार नाथ सिंह<br><br>जीवन परिचय<br>• उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के चकिया गाँव में जन्म<br>• काशी हिंदु विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा<br>• आधुनिक हिन्दी कविता में बिम्ब विधान विषय पर पी. एच–डी. की उपाधि<br>• साहित्य अकादमी पुरस्कार, मैथिली शरण गुप्त, राष्ट्रीय सम्मान, कुमारन आशान व्यास सम्मान, दयावती मोदी पुरस्कार से सम्मानित<br>रचनाएँ<br>• अकाल में सारस, जमीन पक रही है, अभी बिल्कुल अभी, यहाँ से – चार काव्य संग्रह 'काव्य और छायावाद' – आलोचनात्मक पुस्तक, मेरे समय के शब्द – निबन्ध संग्रह 'ताना–बाना' नाम से विविध भारतीय भाषाओं का हिन्दी में अनुदित काव्य संग्रह | 5<br><br>5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | काव्यगत विशेषताएँ<br>• नई कविता के वरिष्ठ रचनाकार<br>• मानवीय संवेदनाओं के कवि<br>• सौंदर्य और प्रेम से युक्त काव्य<br>• आस्था और विश्वास का स्वर<br>• सामाजिक चेतना की अभिव्यक्ति<br>अथवा<br><br>विद्यापति<br>जीवन परिचय<br><br>जन्म – मधुबनी (बिहार) के बिसफी गाँव में<br>विद्यापति संधिकाल के कवि<br>• कुशाग्र बुद्धि, साहित्य, संगीत, ज्योतिष, दर्शन, इतिहास, न्याय, भूगोल के विद्वान<br>कई समकालीन भाषा – उप भाषाओं का ज्ञान<br>रचनाएँ<br>• 'कीर्तिलता', 'कीर्तिपताका', पुरुषपरीक्षा', 'भू–परिक्रमा', 'लिखनावली', 'विद्यापति पदावली'<br>(कोई दो)<br>काव्यगत विशेषताएँ<br>• राधाकृष्ण के प्रेम को आधार बना कर लौकिक प्रेम की अभिव्यक्ति<br>• मैथिली, अपभ्रंश और संस्कृत का प्रयोग।<br>• अनुप्रास, रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति अलंकारों का प्रयोग<br>• मुहावरेदार भाषा का प्रयोग, मिथिला क्षेत्र के लोक व्यवहार और सांस्कृतिक अनुष्ठानों के पदों का प्रयोग<br>अथवा<br>रामचंद्र शुक्ल<br>जन्म व जीवन परिचय<br>जन्म – उत्तर प्रदेश के अगोना गाँव में<br>जीवन परिचय –<br>• संस्कृत, अंग्रेज़ी, बंगला और हिन्दी के प्राचीन तथा | 5<br><br>5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | आधुनिक साहित्य का गहन गंभीर अध्ययन<br>• काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक, हिन्दी विभाग के अध्यक्ष<br>• काशी नागरी प्रचारिणी सभा में हिन्दी शब्द सागर निर्माण कार्य में सहायक संपादक<br>रचनाएँ :<br>• हिन्दी साहित्य का इतिहास, रस–मीमांसा, जायसी ग्रंथावली, चिंतामणि, भ्रमरगीत सार<br>भाषागत विशेषताएँ :<br>• हिन्दी साहित्य को सम्यक रूप ढंग से व्यवस्थित करना, आलोचनात्मक, भावात्मक तथा मनोविकार सम्बन्धी निबंध लेखन, विचार प्रधान सार, गर्भित तर्क युक्त–भाषा<br>• विवेचनात्मक गद्य शैली<br>• तत्सम तथा उर्दू शब्दों का सहज व सरल प्रयोग<br><br>अथवा<br>हजारी प्रसाद द्विवेदी<br>जन्म व जीवन परिचय<br>जन्म – छपरा जिला, बलिया, उत्तर प्रदेश<br>लखनऊ विश्वविद्यालय से डी लिट् की मानद अपलब्धि<br>जीवन परिचय –<br>• काशी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष<br>• भारत सरकार की हिन्दी विषयक अनेक योजनाओं से संबद्ध।<br>• पुरस्कार – साहित्य अकादमी पुरस्कार<br>• भारत सरकार के पद्मभूषण अलंकरण<br>रचनाएँ :<br>• निबंध संकलन : अशोक के फूल, विचार और वितर्क, कल्पलता, कुटज, आलोक पर्व<br>• आलोचनात्मक निबंध : सूर साहित्य, कबीर, हिन्दी साहित्य की भूमिका, कालिदास की लालित्य योजना, हजारी प्रसाद द्विवेदी ग्रंथावली (ग्यारह खंडों में) | 5 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| 13 | 13 | 13 | 13 | • उपन्यास : चारु चंद्र लेख, बाण भट्ट की आत्मकथा, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा<br>भाषागत विशेषताएँ<br>• संस्कृत, प्राकृत अपभ्रंश, बंगला आदि भाषाओं एवं इतिहास, दर्शन, संस्कृति, धर्म आदि विषयों में विशेष रुचि<br>• भारतीय संस्कृति की गहरी पैठ और विषय वैविध्य के दर्शन<br>• परंपरा के साथ आधुनिक प्रगतिशील मूल्यों के समन्वयक।<br>• भाषा सरल एवं प्रांजल है<br>• व्यक्तिगत व्यंजकता और आत्मपरकता शैली की विशेषता<br>• हिन्दी की गद्य शैली को एक नया रूप<br><br>सूरदास के चरित्र का विवेचन<br>• पुनर्निर्माण में विश्वास<br>• प्रतिशोध न लेने वाला<br>• दृढ़ संकल्पी<br>• गाँधीवादी विचारों के पोषक<br>• आत्मविश्वासी एवं साहसी<br>• सहनशील एवं कर्मशील<br>• सहृदय एवं आशावान<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br><br>अथवा<br><br>• सूरदास की झोपड़ी में भैरों का आग लगाना<br>• जीवन भर की संचित पूंजी का नष्ट होना<br>• अभिलाषाएँ अर्थात् सभी इच्छाओं का नष्ट होना<br>• पितरों का पिण्डदान एवं मिठुआ की शादी की | 4<br><br><br><br><br>4 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | अभिलाषा का मन में रह जाना।<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | |
| 14 | 14<br>क | | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>• वर्षा एकाएक न आकर पहले बादलों का घिरना और गड़गड़ाहट<br>• ज्यादा बरसने से दीवार गिरना, घरों का धँसना<br>• दूब और वनस्पतियों में नई चमक<br>• पुलकित जीव–जंतु<br>• कीचड़, बदबू, बाढ़ की समस्या<br>• बूँदों का स्वर जैसे घोड़ों की कतार का दूर से दौड़े आना<br>• वर्षा में नहाने के बाद दाद–खाज–खुजली का ठीक होना<br>(किन्हीं चार बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित ) | 4X2=8<br><br>4 |
| | ख | – | 14 (घ) | • सुख–समृद्धि और सम्पन्नता के लिए विख्यात मालवा का खाऊ–उजाड़ू सभ्यता में फंस कर रह जाना<br>• पर्यावरण सम्बन्धी चिन्ता का मालवा तक सीमित न रह कर सार्वभौमिक हो जाना<br>• अमेरिका की खाऊ–उजाड़ू जीवन पद्धति के प्रभाव से संस्कृति–सभ्यता तथा जड़–ज़मीन से अलग होना<br>• तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने से पर्यावरण विनाश की समस्या<br>(किन्हीं चार बिन्दुओं पर अंक दिए जाएँ) | 4 |
| | ग | | | • पर्वतीय जीवन जोखिम भरा<br>• जन सुविधाओं का अभाव<br>• हिमस्खलन में माता–पिता की मृत्यु के पश्चात धूप और शैला द्वारा साहस और परिश्रम से नया जीवन शुरू करना<br>• पानी की खोज में हिमांग पर चढ़ना | 4 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | | • झरने का रुख मोड़ कर अपने खेतों की ओर करना<br>• संकरे और खतरनाक रास्तों में चढ़ना<br>(किन्हीं चार बिन्दुओं पर अंक दिए जाएँ) | |
| | घ | – | – | • रूप सिंह का बिना बताए घर से भाग जाना<br>• भूप दादा के पकड़ने पर उन्हें धक्का देकर चले जाना<br>• ग्यारह वर्ष तक घर की ओर रुख नहीं करना, न ही किसी से सम्पर्क रखना<br>• लम्बे समय के बाद घर लौटने पर झिझक<br>(अन्य कोई उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य) | 4 |
| | | 14 क | | • पर्वतीय जीवन जोखिम भरा<br>• जन सुविधाओं का अभाव<br>• कष्टपूर्ण जीवन<br>• संकरे और खतरनाक रास्ते<br>• भूस्खलन और हिमस्खलन की समस्या<br>• बेरोजगारी की समस्या<br>• चिकित्सालयों का अभाव<br>• शिक्षा की उचित व्यवस्था न होना<br>(अन्य कोई भी बिन्दु) | 4 |
| | | ख | | • बिस्कोहर की औरत का रिश्तेदार के यहाँ मिलन।<br>• उसका सफेद रंग की साड़ी पहनना<br>• घने काले केश<br>• आँखों में समायी व्यथा, मृत्यु की प्रतीक्षा करते दिखना<br>• लेखक के लिए हर कला और अवसाद में वही औरत उपस्थित।<br>• इस स्मृति के साथ मृत्यु–बोध अनिवार्य रूप से संबंद्ध<br>(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य) | 4 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| 14 | | ग | | • मालवा में मुंज और भोज के समय से ही पानी का महत्व भली–भांति समझना<br>• पठार पर पानी को रोक कर रखना<br>• तालाब बनवाना, बड़ी–बड़ी बावड़ियाँ बनवाना ताकि बरसात के पानी को रोक कर रख सकें<br>• धरती के पानी को जीवंत रखना<br>(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य) | 4 |
| | | घ | | • सूरदास मेहनती व्यक्ति<br>• अन्धा होने पर भी भिक्षा माँग कर धन जमा करना<br>• मेहनत से न कतराना<br>• झोपड़ी जलाए जाने पर सकारात्मक निर्णय<br>• मिठुआ की खेल की बात सुनकर सूरदास के मन में नवीन आशा का संचार<br>• अतीत को भूलकर भविष्य को सुधारने के लिए तत्पर<br>(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य) | 4 |
| | | | क | • सूरदास का सुभागी को शरण देना<br>• सुभागी द्वारा पति की मार से बचने के लिए सूरदास के घर छिप जाना, भैरों के मन में ईर्ष्याभाव<br>• सूरदास द्वारा उनमें बीच–बचाव करना<br>• भैरों की जगहँसाई होना<br>• भैरों का सूरदास से बदला लेने का निर्णय।<br>(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य) | 4 |
| | | | ख | • शेखर का तकनीकी ढंग से चढ़ाई करना<br>• पहाड़ों पर पत्थरों, खूँटी, रस्सी, कुल्हाड़ी और अन्य चीज़ों के सहारे चढ़ना<br>• पहाड़ों की जानकारी होना<br>• भूप सिंह द्वारा आदतन (स्वाभाविक रूप से) पहाड़ों पर चढाई करना | 4 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 29/2/1 | 29/2/1 | 29/2/3 | | |
| | | | ग | • भूप सिंह द्वारा धैर्य, आत्मविश्वास, ताकत एवं कुशलता से माँसपेशियों का उपयोग करना<br>(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य)<br><br>• अपने गाँव की प्राकृतिक सुषमा, जीवन शैली से प्रभावित<br>• कमल कोइयाँ को अपने ही गाँव का फूल मानना<br>• गाँव के संतोषी भैया के घर बालपन में एक सुंदर औरत से मिलना<br>• उसकी छवि का मन में बसना<br>• प्रकृति का सजीव नारी के रूप में दर्शन।<br>(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य) | 4 |